रोटी खाटू से आती है | by Mannu Pandit

हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है
खुशी छोटी से भी छोटी तेरे खाटू से आती है
हमारे घर में भी रोटी ....

तू खर्चा भेजता बाबा मेरा चलता गुज़ारा है
मेरा परिवार डूबा था श्याम तुमने उबारा है
तेरी चौखट से हर ग्यारस पूरी तनख्वाह भी आती है
खुशी छोटी से भी छोटी तेरे खाटू से आती है
हमारे घर में भी रोटी ....

तुम्हारे ही भरोसे पे मेरा हर काम है बाबा
मेरी हर हार का साथी तुम्हारा नाम है बाबा
मेरे परिवार को हर पल तुम्हारी याद आती है
खुशी छोटी से भी छोटी तेरे खाटू से आती है
हमारे घर में भी रोटी ....

बदौलत आपकी बाबा बढ़ी इतनी कदर मेरी
मेहरबानी तुम्हारी है गिरी मुझपे नज़र तेरी
तेरा उपकार सोनी पर सांवरिया गीत गाती है
खुशी छोटी से भी छोटी तेरे खाटू से आती है
हमारे घर में भी रोटी ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%9f%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-mannu-pandit/